## एक नजर में

### पिछले 24 घंटे के दौरान 6.4 मिमी वर्षा दर्ज

**बैतूल।** जिले की औसत वर्षा 1083.9 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 780.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 881.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 1 सितंबर 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 6.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 1 सितंबर 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील बैतूल में 6.6, घोड़ाडोंगरी में 0.0, चिचोली में 9.0, शाहपुर में 0.0, मुलताई में 2.0, प्रभात पट्टन में 9.0, आमला में 7.0, भैंसदेही में 16.0, आठनेर में 2.3 तथा भीमपुर में 12.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### क्षेत्र में चल रहा जुआ

**भैंसदेही।** विगत एक पखवाड़े से नगर सहित समूचे क्षेत्र में जुआ जैसी अवैध गतिविधि जारी होने की सुगबुगाहट नगर के चौक चौराहों पर चर्चा का विषय बन रही है। ज्ञात हो नगर के गणेश पांडालों और खेतों के मकानों पर इन अवैध गतिविधियों को लगातार अंजाम दिया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि असामाजिक तत्वों द्वारा लंबे समय से तरह तरह के हथकंडे अपना कर इस गतिविधि को अंजाम दिया जा रहा है। इस विसंगति से जहां नगर का शांतिपूर्ण माहौल बिगड रहा, वहीं नगर का युवा वर्ग इस जुएं की लत की ओर लगातार आकर्षित हो रहा है, जो पारिवारिक कलह और आपसी विवादों का कारण बन रहा। इसी तरह क्षेत्र के ग्राम सांवलमेढा और उसके आस पास के गांवो में जमकर जुआं खिलाकर चांदी काटी जा रही है।

### लीला देव बाबा मंदिर से निकलेगी कीर्तन यात्रा

**बैतूल।** विनोबा नगर स्थित लीला देव बाबा मंदिर में बुधवार 3 सितंबर को डोल ग्यारस के पावन अवसर पर भव्य कीर्तन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 5-30 बजे से शुरू होकर यह धार्मिक यात्रा सुबह 8-30 बजे तक चलेगी। आयोजक मंडल ने बताया कि डोल ग्यारस के शुभ पर्व पर आयोजित इस कीर्तन यात्रा में बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल होंगे।


### //जाहिर सूचना//

यह की मेरे पक्षकार श्री ईश्वर पिता राजेराम गिरहारे निवासी बापा साई सीताराम सोसाइटी कवास तह. कवास जिला सूरज गुजरात के द्वारा बेची जा रही संपत्ति जो सुमित बोरबन पिता गुलबराव बोरबन निवासी सिरसवाड़ी तह0 प्रभात पट्टन जिला बैतूल एमपी द्वारा खरीदी जा रही हैं पर आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा बैतूल से ऋण लिया जा रहा हैं तथा सुमित बोरबन पिता गुलबराव बोरबन निवासी सिरसवाड़ी तह. प्रभात पट्टन जिला बैतूल एमपी द्वारा अधिकृत एवं दि जानकारी एवं निर्देशानुसार उक्त जाहिर सूचना प्रकाशित है। यह की मेरे पक्षकार के द्वारा मौजा भगतसिंह वर्ड 03 मुलताई तहसील मुलताई जिला तह0 बैतूल खसरा नं. 3/175 रकबा 0.012 हेक्टेयर 1292 स्क्वेयर फीट आवासीय प्लॉट नं 407 की चैन रजिस्ट्री दिनांक 22/03/2016 जिसकी रजिस्ट्री का ई-पंजीयन क्रमांक - एमपी 039752016ए1170990 श्री ईश्वर पिता राजेराम गिरहारे नाम की विगत नो साल पूर्व खरीदी थी जो की आज दिनांक तक उक्त संपति खसरा नं. 3/175 रकबा 0.012 हेक्टेयर 1292 स्क्वेयर फीट आवासीय प्लॉट नं 407 मेरे पक्षकार कब्जे एवं स्वामित्व क्रेता श्री ईश्वर पिता राजेराम गिरहारे, विक्रेता श्री संजय पिता रमेशचन्द्र बजाज, आनंद पिता रमेशचन्द्र मोर, राजेश पिता रामस्वरूप जी गुप्ता, अतुल पिता सुरेशराव मंगलकर, विक्रमसिंह पिता अर्जुनसिंह दलवाला तरफ से अधिकार पत्र ग्रहीता रामनाथ पिता पुरनमल मिश्रा, हरिकिशन पिता विट्ठलदस चांढक तरफ से अधिकार पत्र ग्रहीता दिलीप पिता मरोतरावजी गवली से खरीदी संपति हैं जिसमे क्रेता पक्ष मे सम्मिलित नाम गणेश पिता विट्ठलदस चांढक का भी था जो 13 साल के रिकॉर्ड के अनुसार रेवन्यू मे दर्ज हैं, लेकिन रजिस्ट्री के समय विक्रेता पक्ष मे गणेश पिता विट्ठलदस चांढक ने रजिस्ट्री में हस्ताक्षर नहीं की है जो की वर्तमान समय में बिना किसी दखल के आधिपत्य में है उक्त भूमि पर आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा बैतूल से ऋण प्राप्त किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्थान के बैंक को किसी प्रकार की कोई आपत्ति है तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिनों के भीतर मय दस्तावेज आकर मेरे कार्यालय में संपर्क कर आपति दर्ज करवाए, समयावधि के बाद कोई दावा या आपति नही मान्य होगी।

चन्द्रशेखर आजाद तिवारी (अधिवक्ता)
भारत पेट्रोल पम्प के पीछे रानीपुर रोड गाँठाना बेतुल (म.प्र.), सिविल कोर्ट, बैतूल, पिन कोड न. 460001, मोबाइल नंबर -9425361750


# गैस चलित शवदाह गृह शुरू नहीं, लकड़ियों से दाह संस्कार




**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 1 सितंबर. प्रदूषण कम करने और लकड़ी की खपत रोकने नगरपालिका ने कोठीबाजार मोक्षधाम में 50 लाख रुपए खर्च कर गैस शवदाह गृह बनवाया है। यहां बिल्डिंग तैयार है, चिमनी और मशीनों का इंस्टालेशन भी हो चुका है।**

> नपा ने 50 लाख की लागत से बनवाया था शवदाह गृह
>
> साढ़े तीन साल बाद भी शुरू नहीं हो सका शवदाह गृह

अंदर फिनिशिंग का कुछ काम बाकी है और सबसे बड़ी समस्या है संचालन। यह स्पष्ट नहीं है कि मशीन चलाएगा कौन और इसे संचालित करने की प्रक्रिया क्या होगी। यही वजह है कि मशीन की टेस्टिंग तक नहीं हो सकी। विगत छह माह से मशीनें आकर पड़ी हैं, लेकिन इसकी टेस्टिंग भी अभी तक नहीं की गई है। बता दे कि कोरोना काल में शवदाह की परेशानी को देखते हुए नगरपालिका ने गैस चलित शवदाह गृह बनाने को मंजूरी दी थी, लेकिन साढ़े तीन साल गुजर जाने के बाद भी अभी तक शवदाह गृह शुरू नहीं हो पाया है। नगरपालिका अधिकारी भी इसे शुरू करने की ओर ध्यान नहीं दे रहे है। निर्माण शुरू होने के बाद लागत बढ़ने पर इसे रिवाइज भी किया था।

> शवदाह गृह के अंदर फिनिसिंग का काम अधूरा हैं जिसे पूरा कराया जाना है। इसके बाद गैस चलित शवदाह गृह का संचालन शुरू किया जायेगा।
>
> **- सतीश मटसेनिया,** सीएमओ नपा बैतूल

### लकड़ी से दाह संस्कार पड़ रहा महंगा

परंपरागत शवदाह के लिए चार से पांच क्विंटल लकड़ी लगती है, जिस पर चार से साढ़े चार हजार रुपए तक खर्च आता है। गरीब परिवारों के लिए यह बड़ी चुनौती है। बारिश में गीली लकड़ी के कारण दाह संस्कार में कई घंटे लग जाते हैं। वर्तमान में बारिश का मौसम होने के कारण लोगों को दाह संस्कार के दौरान काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि गैस चलित शवदाह गृह में दो एलपीजी सिलेंडर के उपयोग से मात्र 30 मिनट में दाह संस्कार संभव हो जाता है। इसके अलावा खर्च भी कम और चिमनी के जरिए धुएं को फिल्टर कर बाहर छोड़ा जा सकता है। जिससे प्रदूषण में कमी आयेगी बताया गया कि लकड़ी पर निर्भरता खत्म करने और पर्यावरण प्रदूषण कम करने का यह प्रयास लेटलतीफी का शिकार हो गया है।

### कोरोना काल के बाद नपा ने लिया था बनाने का निर्णय

कोरोना काल के दौरान शवदाह को लेकर आई कठिनाइयों के बाद नगरपालिका ने गैस चलित शवदाह गृह बनाने का निर्णय लिया। परिषद से स्वीकृति के बाद टेंडर जारी कर कोठीबाजार मोक्षधाम में निर्माण शुरू हुआ, ठेकेदार ने बिल्डिंग तैयार करने में ही दो साल निकाल दिए। इसके बाद बिल्डिंग तैयार हुई और मशीने भी आ गई। चिमनी और मशीनों का इंस्टालेशन भी हो चुका है। लेकिन गैस चलित शवदाह गृह शुरू नहीं हो पाया है। लोग आज भी लकड़ियों के सहारे ही शवों का दाह संस्कार कर रहे है। जानकार बताते है कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि मशीन चलाएगा कौन और इसे संचालित करने की प्रक्रिया क्या होगी?

## 6 तक यूजी एवं पीजी के लिए सीएलसी चरण

**बैतूल।** उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में, शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये, स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर 6 सितंबर तक विशेष सीएलसी चरण होगा। स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए, यह प्रवेश का अंतिम चरण है। आयुक्त उच्च शिक्षा ने बताया कि समस्त प्रवेश पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर प्रदान किए जायेंगे और यह सुविधा केवल रिक्त सीटों के लिए ही होगी। रिक्त सीटों की जानकारी विद्यार्थी के लॉगिन एवं महाविद्यालय के लॉगिन पर प्रदर्शित होंगी। पंजीकृत विद्यार्थी सम्बंधित सीधे प्रवेश शुल्क जमा करके प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। विद्यार्थी प्रवेश चाहते हैं, वहां सीट रिक्त होने पर सीधे महाविद्यालय पहुंच कर प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे।

# लोक अदालत का प्रचार शुरू, हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**बैतूल। 13 सितम्बर 2025 को पूरे जिले के सिविल न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।**

पक्षकारों एवं आम नागरिकों की लोक अदालत में सहभागिता एवं अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामा के माध्यम से कराने के लिए और लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से 01 सितंबर सोमवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश चन्द्र थपलियाल द्वारा नगर पालिका के स्वच्छता वाहनों तथा विद्युत विभाग के प्रचार वाहनों को जिला न्यायालय परिसर बैतूल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान नेशनल लोक अदालत के प्रभारी अधिकारी एवं प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय शिवबालक साहू, विशेष न्यायाधीश श्रीमती दिव्यांगना जोशी पांडे, जिला न्यायाधीश डॉ.कु. महजबीन खान, कैलाश नारायण अहिरवार, सीजेएम श्रीमती संगीता भारती राठौर, रजिस्ट्रार सुरेश यादव एवं सचिव श्रीमती शर्मिला बिलवार, जिला विधिक सहायता अधिकारी सोमनाथ राय एवं अन्य न्यायाधीशगण, जिला प्राधिकरण एवं न्यायालय के कर्मचारी तथा लीगल एड डिफेंस काउसंल, नगर पालिका एवं विद्युत विभाग बैतूल के कर्मचारी मौजूद रहे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश चन्द्र थपलियाल के निर्देशानुसार मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों एवं चेक बाउन्स के प्रकरणों में सहमति के लिए प्रिसिटिंग बैठके ए.डी.आर. भवन बैतूल में नियमित रूप से की जा रही है। कोई भी पक्षकार अथवा उसके परिजन व अधिवक्ता इस हेतु प्रिसिटिंग बैठकों में शामिल हो सकते है तथा अन्य कोई सलाह व सहयोग हेतु जिला प्राधिकरण कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

# अवैध परिवहन करते 5 वाहनों को किया जप्त

**बैतूल। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।**

अभियान के तहत खनिज विभाग द्वारा 1 सितंबर को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौण खनिजों के अवैध परिवहन कर रहे वाहनों पर कार्यवाही करते हुए उन वाहनों को जप्त कर समीपस्थ पुलिस थानों की अभिरक्षा में खड़ा किया गया है। मुलताई क्षेत्रांतर्गत ग्राम घाट पिपरिया के समीप से खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 03 ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 48 एए 7538, बिना नंबर चेचिस क्रमांक एन.आर.जे.जेड.के.ए.ई 0644, वाहन बिना नंबर इंजन क्रमांक 531027266662 को जप्त कर पुलिस थाना दुनावा की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। इसके अलावा खनिज बोल्डर के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 डम्पर क्रमांक एमएच 40 वाय 9933 को जप्त कर पुलिस थाना मुलताई की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। इसी प्रकार चिचोली क्षेत्रांतर्गत ग्राम सीताडोंगरी से खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 1 ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 48 जेडडी 2440 को जप्त कर पुलिस थाना चिचोली की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। इस प्रकार कुल 5 वाहनों को जप्त कर समीपस्थ पुलिस थाना में खड़ा करवाया गया है। खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम के लिए कार्यवाही लगातार जारी है। उपरोक्त सभी अवैध परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण नियम 2022 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही कर प्रकरणों को न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किया जा रहा है।

# मुलताई पुलिस ने कार में पकड़ी 306 लीटर शराब, मामला दर्ज

**मुलताई।** पवित्र नगरी में शराब विक्रय पर प्रतिबंध के बाद भी कुछ लोग अवैध रूप से शराब तस्करी कर मुलताई लाकर शराब बेच रहे है। पुलिस द्वारा रविवार एवं सोमवार की दरमियानी रात करीब साढे 12 बजे इंडिका कार समेत 34 पेटियों में रखी 306 लीटर प्लेन एवं देशी अवैध शराब जब्त की। इस शराब की कीमत लगभग 162 लाख रुपये है। थाना प्रभारी देवकरण डेहरिया ने बताया रात 12 बजे पुलिस को सूचना मिली। नगर में कार से शराब की खेप लाई जा रही थी। सूचना मिलने पुलिस क्षेत्र के एक ढाबे पर पहुंची एवं संदिग्ध कार को रोकने का प्रयास किया। लेकिन चालक ने कार भगा कर इंदिरा गांधी वार्ड नागपुर रोड पर एक गली में मोड़ दिया और कार खड़ी कर भाग गया। पुलिस ने इंडिका कार क्रमांक एमएच 31 डीवी 1534 की तलाशी ली। जिसमे 34 पेटी शराब मिलने पर कार समेत शराब जप्त की है। जप्त शराब की कीमत 1.62 लाख रुपए एवं कार की कीमत 2 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी बंटी शिवहरे निवासी इंदिरा गांधी वार्ड के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# पीसीसी चीफ पर हमला करने वालों पर हो कार्रवाई



**मुलताई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी पर 31 अगस्त को रतलाम के दौरे के दौरान मगरोक फाटे पर जावरा जनपद के पूर्व अध्यक्ष रामविलास धाकड़ एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक धाकड के नेतृत्व में कुछ लोगो ने जानलेवा हमला कर गाड़ी के कांच फोड दिए थे।**

जिससे कांग्रेसियों में रोष व्याप्त है। सोमवार को पूर्व मंत्री एवं पीसीसी उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे, कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय डागा के नेतृत्व में पूर्व विधायक पीआर बोडखे, वरिष्ठ कांग्रेसी कमल सोनी, संजय यादव, नपा उपाध्यक्ष शिव माहौरे सहित कांग्रेसियो द्वारा राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम राजीव कहार को सौपा है। ज्ञापन में बताया लोकतंत्र में सभी को अपनी बात कहने का अधिकार है। भाजपा के 2 नेताओं मनोहर धाकड एवं देवीलाल द्वारा अवैधानिक एवं अनैतिक कृत्य किये जाने को लेकर जीतू पटवारी ने बयान दिया था। इन दो भाजपा नेताओं के अनैतिक कृत्य के बारे में सोशल मीडिया में काफी चर्चा भी हो रही है तथा इनके वीडिया भी वायरल हो रहे हैं। चूंकि यह नेता भाजपा से जुड़े हैं तो ऐसे भाजपा नेताओं की सच्चाई प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आम जनता को बता रहे है।

# जामा मस्जिद पाथाखेड़ा में नई कमेटी का चुनाव सम्पन्न

**सारनी।** स्थानीय जामा मस्जिद में नई कमेटी का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। समाज के वरिष्ठ जनों, इमाम साहब एवं बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों की मौजूदगी में चुनाव की प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से पूरी की गई। सुबह 9.30 बजे से चुनाव की प्रक्रिया की गई और 2 तक चुनाव कराया गया। चुनाव होने के बाद काउंटिंग शुरू की गई काउंटिंग लगभग 3.30 बजे तक चली। इस चुनाव में मोहम्मद समशेर आलम सर्वसम्मति से सदर (अध्यक्ष) चुने गए। वहीं मोहम्मद कलीम खान को सेक्रेटरी तथा मोहम्मद शिराज अंसारी को कैशियर की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनिर्वाचित सदर मोहम्मद समशेर आलम ने इस अवसर पर कहा कि जमा मस्जिद हमारी आस्था और एकता का प्रतीक है। हमारी नई कमेटी का उद्देश्य मस्जिद की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाना, समाज की जरूरतों पर ध्यान देना और भाईचारे को मजबूत करना होगा। हम सभी मिलकर पारदर्शिता और ईमानदारी से जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। चुनाव सम्पन्न होने पर उपस्थित सदस्यों ने नई कमेटी को शुभकामनाएँ दीं और उम्मीद जताई कि उनके कार्यकाल में मस्जिद की गतिविधियों और व्यवस्थाओं में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे।

# कॉलोनियों में आवारा मवेशियों का कब्जा



**सारनी। नगर पालिका प्रशासन की घोर लापरवाही के चलते शहर में आवारा पशुओं की समस्या दिनों-दिन विकराल रूप लेती जा रही है।**

अब यह समस्या केवल मुख्य सड़कों तक सीमित न रहकर कॉलोनियों के भीतर तक पहुँच चुकी है। रात के समय झुंड के झुंड मवेशी सड़कों पर डेरा जमाए बैठे रहते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बार-बार शिकायतें करने के बावजूद नगर पालिका इस दिशा में कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर रही है। परिणाम स्वरूप कॉलोनियों से होकर निकलना स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों के लिए मुश्किल हो गया है। अचानक भगदड़ मचने पर गंभीर हादसों से इनकार नहीं किया जा सकता। व्यापारी वर्ग भी इस समस्या से परेशान है। बंद बाजारों और सुनसान सड़कों पर रात के समय बैठे पशुओं के कारण आवागमन बाधित रहता है। वहीं दुकान और घरों के सामने गंदगी फैलने से लोगों में आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र ही उचित कदम नहीं उठाए गए तो किसी बड़ी अनहोनी की जिम्मेदारी सीधे नगरपालिका प्रशासन पर होगी।

# बाजार पर लाखों खर्च के बाद भी कीचड़ और बदइंतजामी



**आमला। बाजार स्थल पर कीचड़ से दुकानदार और ग्राह परेशान है।**

> कीचड़ के कारण दुकानदार ग्राहक हो रहे परेशान
>
> लाखों खर्च करने के बाद भी व्यवस्था जस की तस

शनिचरा पुलिस थाने के पीछे सब्जी बाजार के सुधार और सौंदर्यीकरण के नाम पर लाखों रुपए खर्च किए जाने का दावा है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि बाजार आज भी कीचड़, गंदगी और बदबू से पट पड़ा है। बरसात में हालत और भी बेहाल हो जाते है, जहां सब्जी खरीदने आए लोग कीचड़ में फिसलते और दुकानदार गंदगी के बीच दुकान लगाने को मजबूर होते हैं। दुकानदारों का आरोप है नगर पालिका केवल कागजों में सफाई और मरम्मत दिखाती है, हकीकत में कोई काम नहीं हुआ। जो काम हुआ है केवल पैसे खपाने वाला हुआ। गंदगी की वजह से ग्राहक भी परेशान होकर वापस लौट जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद बाजार में व्यवस्थाएं ठीक नहीं होती। पानी की निकासी ठप है और चारों तरफ कीचड़ का ढेर लगा है। नागरिकों ने यह तक कहा कि यह पूरा मामला खर्च में घोटाले की बू देता है। क्योंकि इस जगह पर ठेकेदार द्वारा कार्य भी किया गया लेकिन गुणवत्ता को लेकर कई बार शिकायत का दौर भी चला समय सीमा भी बढ़ाई गई लेकिन आज भी समस्या जस की तस है। आमला की जनता के पैसों की बर्बादी का मंजर इतने वर्षों से बाजार वसूली के बाद भी हालत खराब है। कई वर्षों से बाजार के ठेके होते गए 10 से 15 लाख के वर्षों के ठेके हुए लेकिन उन पैसों का भी कोई व्यवस्थित उपयोग नहीं दिखाई देता है।

**बैठक** | कलेक्ट्रेट में आयोजित समयसीमा की बैठक

# संबल योजना के लंबित अपील प्रकरणों का निराकरण किया जाए



**बैतूल। संबल योजना के लंबित अपील प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित कराएं। यह निर्देश कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समयसीमा की बैठक में सभी एसडीएम और जनपद सीईओ को दिए।**

उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम अपने रीडर्स को प्रकरणों का समय पर निराकरण करने के लिए ताकीद करें। बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जिले और जनपद स्तर पर ई ऑफिस प्रणाली की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी जिला और जनपद स्तरीय अधिकारियों को ई ऑफिस प्रणाली का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जिला अधिकारी रोस्टर अनुरूप अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण करें। रोस्टर के अनुसार निरीक्षण नहीं किए जाने पर संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। समग्र ई केवाईसी अभियान की प्रगति की भी कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जनपद और निकायवार समीक्षा की। उन्होंने जनपद सीईओ घोड़ाडोंगरी, सीएमओ शाहपुर को विशेष ध्यान देकर प्रगति लाने के निर्देश दिए। राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी राजस्व अधिकारियों को प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने उद्यानिकी फसलों की गिरदावरी की जानकारी भी ली। उन्होंने उप संचालक उद्यानिकी को पूरी गंभीरता से व्यवस्थित गिरदावरी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को लंबित शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण कर प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने 50 दिवस से अधिक की शिकायतों का भी समाधान किए जाने के निर्देश दिए। समय सीमा अवधि के पत्रों की भी कलेक्टर ने जानकारी ली और उनका निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी राजस्व अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि माननीय न्यायालयीन प्रकरणों में पूरी गंभीरता से जवाब प्रस्तुत किया जाएं। उन्होंने लंबित न्यायालयीन प्रकरणों की भी विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने लंबित न्यायालयीन प्रकरणों में संबंधित तहसीलदार को नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम इसकी सतत मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करें।

# नहीं पकड़ रहे हैं आवारा मवेशी, आदेश बना मजाक



**मुलताई।** नगर के सटे बिरूल रोड एवं मासोद रोड के खेतो में बीते कई दिनों से आवारा मवेशी घुसकर फसलो को नुकसान पहुचा रहे है। जिसके चलते कई किसानो को लाखो रूपए की फसल का नुकसान हो चुका है। वहीं नगरीय प्रशासन एक दो मवेशी पकडकर खानापुर्ति कर रहा है, जिसका खामियाजा आम जनता एवं किसानो को भुगतना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति सोमवार को देखने को मिली जब नगर पालिका टीम द्वारा काउकेचर से 1-2 मवेशियों को पकडकर शेष मवेशी छोड दिए गए। एक ओर जिला कलेक्टर के स्पष्ट निर्देश है कि आवारा मवेशी सड़क पर घुमते नही दिखाई देना चाहिए, लेकिन नगर पालिका अमले को इस आदेश से कोई लेना देना नही है। जो आदेश को मजाक समझ औपचारिकता कर रही है। जिसके कारण कलेक्टर का आदेश मजाक बन गया है। नगर सीमा से लगे बिरूल रोड एवं मासोद रोड के कृषक को इन आवारा मवेशियों के कारण भारी नुकसान का सामना करना पड रहा है। प्रतिदिन रात्रि के समय आवारा मवेशियों के झुंड नगर सीमा से लगे खेतो में घुस कर मक्का, सोयाबीन एवं अन्य फसलों को खाकर रौंदकर नुकसान पहुचा रहे है। जहां एक किसान बडी मुश्किल से अपनी फसलों को पालता है। वहीं उसकी फसलों को रौंदकर मवेशी बर्बाद कर रहे है।

**इनका कहना है**

यह एक गंभीर विषय है जिसके लिए हमारें द्वारा प्रतिदिन अभियान चलाकर आवारा मवेशियों को पकड़ा जाएगा।

**विरेन्द्र तिवारी, सीएमओ, नपा मुलताई**